GIRLS' HIGH SCHOOL & COLLEGE, PRAYAGRAJ
SESSION-2020-2021
CLASS-Xth A.B.C.D.E.F.
SUB-HINDI
ASSIGNMENT - 01

निर्देशः– अभिभावकों से ये अपेक्षा की जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि छात्रा पाठ से सम्बन्धित दिए गए विडियो के लिंक ....

https://www.youtube.com/watch?v=jiK2nIZ-tJQ&feature=youtu.be पर क्लिक करे।

छात्रा विडियो से सम्बन्धित पाठ का पाठ्य–पुस्तक से विस्तार से अध्ययन करे, स्मरण करे और नीचे दिए गए अभ्यास–कार्य को हल करे।

पूरा किया गया अभ्यास कार्य डाउनलोड करे और अभ्यास–पुस्तिका पर चिपकाए/नत्थी करे तथा अभ्यास–पुस्तिका को तैयार रखे।

जमा करने की तिथि तथा प्रक्रिया की सूचना विद्यालय द्वारा दी जाएगी।

हिन्दी साहित्य

पाठ – भीड़ में खोया आदमी

लेखक – लीलाधर शर्मा पर्वतीय

नोट– अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

प्रश्न.1 **"जहाँ देखिए भीड़ है। यह भीड़ क्यों बढ़ती जाती है? क्या आदमी स्वयं इसके लिए उत्तरदायी नहीं है?"**

(i) श्यामलाकांत ने अपने जीवन में कौन–सी लापरवाही की थी ? उसका फल उन्हें किस प्रकार मिला ?

(ii) सार्वजनिक स्थानों पर नियम तथा व्यवस्था का पालन क्यों नहीं हो पाता है? कारण बताओ।

(iii) सुखी परिवार के लिए किन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है ?

(iv) प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न.2 ''आजकल तो ऐसा लगता है, मानो पूरा शहर ही अस्पताल में उमड़ आया हैं। समझ में नहीं आता, ऐसा भी क्यों है ?''

(i) उपर्युक्त कथन कौन कह रहा है तथा किस अवसर पर कहे जा रहे हैं?

(ii) परिवार के लोगों का अस्वस्थ रहने का क्या कारण है ?

(iii) स्वस्थ, सम्पन्न, सुखी जीवन के लिए किन बातों का होना आवश्यक है ?

(iv) इस पाठ के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहते हैं?

प्रश्न.3 ''मैने श्यामलाकांत बाबू से पूछा– ''क्या तुम्हारे पास यही दो कमरे हैं ?''

(i) लेखक के उक्त प्रश्न की पृष्ठभूमि स्पष्ट कीजिए।

(ii) लेखक को मित्र ने मकानों की क्या समस्या बताई ?

(iii) शहर पहले की तुलना में फैलते क्यों जा रहे हैं?

(iv) मित्र ने जनसंख्या के विषय में क्या टिप्पणी की और क्यों ?

प्रश्न.4 ''मैं उनकी दुर्बल काया और पीला चेहरा देखकर स्तब्ध रह गया।''

(i) उपर्युक्त पंक्ति का प्रसंग लिखिए।

(ii) लेखक को मित्र की पत्नी ने बीमारी के बारे में क्या कहा ?

(iii) यह किस प्रकार का निबन्ध है तथा इस निबन्ध में देश की किस समस्या पर ध्यान आकर्षित किया गया है ?

(iv) जनसंख्या विस्फोट ने देश को किस प्रकार प्रभावित किया ?

प्रश्न.5 ''चाचा जी वहाँ भी गया था, पूरे दिन लाइन में खड़ा रहने पर जब मेरी बारी आई तो अफ़सर बोला – ''भाई नाम तो लिख लेता हूँ पर जल्दी नौकरी पाने की कोई आशा मत करना।''

(i) वक्ता का परिचय देते हुए बताइए कि यहाँ चाचा जी का सम्बोधन किसके लिए किया गया है?

(ii) यहाँ किस कार्यालय की लाइन में खड़े होने की बात की जा रही है तथा क्यों?

(iii) वक्ता की बातों से लेखक क्या सोचने पर विवश हो जाता है तथा क्यों ?

(iv) प्रस्तुत पाठ की समस्या से देश को क्या नुकसान हो रहा है तथा समस्या दूर करने के लिए उचित सुझाव लिखिए।

प्रश्न.6 **''पंद्रह दिन पहले आरक्षण के लिए मैं जब स्टेशन पहुँचा वहाँ पहले से ही लोगों की लंबी कतार खड़ी थी।''**

(i) लेखक कहाँ जा रहे थे और क्यों ?

(ii) लेखक ने अपने मित्र का क्या प्रारम्भिक परिचय दिया है ?

(iii) स्टेशन पर आरक्षण क्यों नहीं हो पाया ?

(iv) यात्रा के दिन लेखक को कैसे अनुभव प्राप्त हुए ?

****END***